web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

SJU Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, बुधवार 06 मार्च 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 159

# आईएसआईएस से जुड़े बेंगलुरु कैफे ब्लास्ट के तार, सात राज्यों में एनआईए का छापा; पांच लोग हिरासत में

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कर्नाटक के बेंगलुरु में मशहूर रामेश्वरम कैफे में 1 मार्च को हुए बम ब्लास्ट के तार आतंकी संगठन आईएसआईएस से जुड़ गए हैं। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने मामले में 7 राज्यों में 17 ठिकानों पर रेड की है। एनआईए की टीम ने बेंगलुरु के आरटी नगर में टी नजीर के घर पर छापा मारा। टी नजीर के आईएसआईएस से जुड़े होने का शक है।




तमिलनाडु के चेन्नई के रामनाथपुरम में शमशुद्दीन के घर पर भी रेड की गई। एनआईए ने चेन्नई के सिद्दरपेट और बिडयार से 5 लोगों को हिरासत में लिया है। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

बता दें, बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में शुक्रवार को हुए धमाके में 10 लोग घायल हो गए थे। बम स्क्वॉड, फोरेंसिक और हद्द्ध की टीम विस्फोट की जांच कर रही है। इस धमाके की जांच आतंकी एंगल से भी की जा रही है। धमाके से जुड़े दो सीसीटीवी फुटेज सामने आए हैं, जिस वक्त धमाका हुआ उस समय रामेश्वरम कैफे में काफी भीड़ थी। धमाके होते ही लोगों में दहशत फैल गई। लोग जान बचाकर भागने लगे। सीसीटीवी को खंगाला जा रहा है ताकि को सबूत मिल सकें। धमाके को लेकर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा है कि ये एक लो इंटेंसिटी का द्ढश्चष्ठ ब्लास्ट था। एक शख्स कैफे में बैग छोडक़र गया, जिसके बाद विस्फोट हुआ। इस पूरे मामले को लेकर राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने विपक्ष से अपील की कि वो इस मुद्दे पर सहयोग करें। वहीं, बीजेपी ने इस घटना को पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने से जोड़ते हुए सरकार पर हमला बोला है। बीजेपी ने कहा ये घटना सरकार की लापरवाही की वजह से हुई है।

### जेल में बंद कैदियों को कट्टरपंथी बनाने के मामले में एनआईए की बड़ी कार्यवाई

बेंगलुरु जेल में कैदियों को कट्टरपंथी बनाने के मामले में एनआईए सात राज्यों में 17 स्थानों पर तलाशी की कार्रवाई कर रही है। आज सुबह से बेंगलुरु और तमिलनाडु समेत अन्य राज्यों में छापेमारी चल रही है। यह छापे आतंकी साजिश में शामिल संदिग्धों से जुड़े हैं। इस साल 12 जनवरी को राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने बेंगलुरु लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) जेल कट्टरपंथ और 'फिदायीन' (आत्मघाती) हमले की साजिश रचने के मामले में एक आजीवन कारावास की सजा पाने वाले और दो भगोड़ों सहित आठ लोगों पर आरोप पत्र दायर किया।

आरोपपत्र में शामिल आरोपियों में केरल के कन्नूर जिले का टी नसीर भी शामिल है, जो 2013 से बेंगलुरु की सेंट्रल जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। वहीं जुनैद अहमद उर्फ जेडी और सलमान खान के विदेश भाग जाने का संदेह है।

अन्य की पहचान सैयद सुहैल खान उर्फ सुहैल, मोहम्मद उमर उर्फ उमर, जाहिद तबरेज उर्फ जाहिद, सैयद मुदस्सिर पाशा और मोहम्मद फैसल रब्बानी उर्फ सदाथ के रूप में हुई है। सभी आठ आरोपियों पर भारतीय दंड संहिता, गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और शस्त्र अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप पत्र दायर किया गया है।

बेंगलुरु सिटी पुलिस द्वारा 18 जुलाई, 2023 को सात आरोपी व्यक्तियों के कब्जे से हथियार, गोला-बारूद, हथगोले और वॉकी-टॉकी की जब्ती के बाद दर्ज किया गया था। बरामदगी तब की गई जब सातों लोग एक आरोपी के घर में एकत्र हुए थे। एनआईए ने अक्टूबर 2023 को इस मामले की जांच को अपने हाथ में ले लिया था। साल 2017 में आरोपी टी. नसीर अन्य आरोपियों के संपर्क में आया था।

मामले में जेल में था। कट्टरपंथी बनाने और उन्हें लश्कर में भर्ती करने के उद्देश्य से नसीर उनकी क्षमता का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन करने के बाद उन सभी को अपने बैरक में स्थानांतरित करने में कामयाब रहा था। वह सबसे पहले लश्कर की गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए जुनैद और सलमान को कट्टरपंथी बनाने और भर्ती करने में कामयाब रहा। इसके बाद उसने जुनैद के साथ मिलकर अन्य आरोपियों को कट्टरपंथी बनाने और भर्ती करने की साजिश रची।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### मुजफ्फरनगर में बुजुर्ग सहित दो लोगों की हादसे में मौत

**मुजफ्फरनगर (आरएनएस)।** खतौली व मंसूरपुर में दो अलग अलग स्थानों पर हुए हादसों में बाइक सवार बुजुर्ग सहित दो लोगों की मौत हो गई। दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए है। थाना कोतवाली बिजनौर के गांव कम्हेड़ा निवासी जमशेद (23) वर्ष अपने साथी जावेद के साथ बाइक पर दिल्ली से बिजनौर वापस जा रहे थे। खतौली क्षेत्र में मीरापुर मार्ग पर गांव याहियापुर के सामने स्कूल वैन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में जमशेद की मौत हो गई। उसका साथी जावेद घायल हो गया। घायल जावेद को हायर सेंटर रेफर किया गया है। मंसूरपुर क्षेत्र में मुजफ्फरनगर की त्यागी कालोनी निवासी जयप्रकाश (70) बाइक से मेरठ की ओर जा रहे थे। नेशनल हाईवे पर बेगराजपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में धौला पुल के पास एक कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में जय प्रकाश की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिए है।

### स्पाइसजेट को बड़ी राहत, क्रॉस ओशन पार्टनर्स के साथ सुलझाया 11.2 मिलियन डॉलर का विवाद

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** स्पाइसजेट ने क्रॉस ओशन पार्टनर्स के साथ लगभग 11.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर का विवाद सुलझा लिया है। यह जानकारी स्पाइसजेट ने दिल्ली हाई कोर्ट को दी है। पिछले साल जून में, यूके हाई कोर्ट में स्पाइसजेट के खिलाफ फैसला आने के बाद, क्रॉस ओशन पार्टनर्स ने दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया था और 21 नवंबर को केस दायर किया। स्पाइसजेट के प्रवक्ता ने कहा, क्रॉस ओशन पार्टनर्स की ओर से दायर याचिका पर दोनों पार्टियों ने दिल्ली हाई कोर्ट में समझौते की घोषणा की। प्रवक्ता ने कहा, इस समझौते से स्पाइसजेट को महत्वपूर्ण बचत होने की उम्मीद है और विवाद भी खत्म हो जाएगा। व्यवस्था के हिस्से के रूप में, एयरलाइन को बिना किसी अतिरिक्त लागत के एक एयरफ्रेम और एक इंजन के हस्तांतरण से भी लाभ होगा, जिससे उसकी परिचालन क्षमताओं में वृद्धि होगी। स्पाइसजेट के प्रेसिडेंट और प्रबंध निदेशक अजय सिंह ने कहा, हमें क्रॉस ओशन पार्टनर्स के साथ पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान पर पहुंचने की खुशी है, जिसके चलते स्पाइसजेट के लिए महत्वपूर्ण लागत बचत होगी और मुकदमेबाजी भी बंद हो जाएगी। यूके हाई कोर्ट में क्रॉस ओशन पार्टनर्स के वकील ने अदालत को बताया था कि स्पाइसजेट 2020 के अंत से बी737-700 के लिए लीज भुगतान को पूरा करने में विफल हो रहा है।

### ट्रैक्टर-ट्रेलर और परिवहन वैन के बीच भीषण टक्कर, 9 लोगों की मौत

**मेक्सिको सिटी ।** मेक्सिको के दक्षिणपूर्वी राज्य क्विंटाना रू में सोमवार तडक़े एक ट्रैक्टर-ट्रेलर की अंतरनगरीय परिवहन वैन से हुई आमने-सामने की टक्कर में तीन नाबालिगों सहित नौ लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। क्विंटाना रू राज्य के अटॉर्नी जनरल कार्यालय के एक बयान के अनुसार, संघीय राजमार्ग 307 पर हुई इस दुर्घटना में छह लोग घायल भी हुए है। दुर्घटना स्थानीय समयानुसार सुबह 4:00 बजे के आसपास राजमार्ग के रिफोर्मा एग्रारिया-प्यूर्टो जुआरेज़ खंड पर, एक्स-हेज़िल चौराहे के पास हुई। ट्रेलर के चालक ने वाहन पर से अपना नियंत्रण खो दिया और ट्रेलर वैन से टकरा गया। स्थानीय मीडिया द्वारा प्रकाशित प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, वैन में तुरंत आग लग गई, जबकि ट्रेलर चालक वाहन को घटनास्थल से भगा ले गया। क्विंटाना रू के गवर्नर मारा लेज़ामा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में इस त्रासदी पर शोक व्यक्त किया और मोटर चालकों से अत्यधिक सावधानी बरतने का आह्वान किया क्योंकि राजमार्ग का वह हिस्सा अस्थायी रूप से बंद किया हुआ है।

### 100 सरकारी स्कूल बनेंगे स्कूल ऑफ ब्रिलियंस

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** पंजाब विधानसभा में वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा पंजाब का बजट पेश कर रहे हैं। इस दौरान वित्त मंत्री हरपाल चीमा ने स्कूल ऑफ एमीनेंस के बाद अब स्कूल आफ ब्रिलियंस बनाने का प्रस्ताव रखा है। इसके तहत 100 सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूलों को स्कूल ऑफ ब्रिलियंस में तब्दील किया जाएगा। इसके लिए वित्त मंत्री ने 10 करोड़ रुपए का शुरुआती प्रस्ताव रखा है। इसके अलावा विद्यार्थियों में तकनीकी हुनर पैदा करने के लिए स्कूल आफ अप्लाइड लर्निंग की घोषणा भी की है।

सीमा हैदर और सचिन की मुश्किलें बढ़ी

## पहले पति गुलाम हैदर ने दोनों को भेजा 3-3 करोड़ का नोटिस

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पाकिस्तान से आई सीमा हैदर पिछले कई महीनों से अपने प्रेमी और भारतीय पति सचिन मीणा के साथ ग्रेटर नोएडा में अपने चार बच्चों के साथ रह रही हैं। लेकिन अब सीमा हैदर की मुश्किलें बढऩे वाली हैं। सीमा के भारत आने की बात सामने आने के बाद उसके पाकिस्तानी पति गुलाम हैदर ने बार-बार बच्चों को वापस भेजने की मांग की है। इसके लिए उसने भारत की अदालत में अर्जी देने का भी फैसला लिया है।



गुलाम हैदर का केस भारत में वकील मोमिन मलिक लड़ रहे हैं। हाल ही में इस केस को अपने हाथ में लेने वाले मोमिन मलिक ने बताया है कि क्यों इस मामले में सीमा का पक्ष कमजोर है और अदालत बच्चों को उनके मुवक्किल के पास भेजने का आदेश दे सकती है। इतना ही नहीं पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर की मुश्किलें बढऩे वाली है। सीमा हैदर के पहले पति ने सीमा के साथ-साथ सचिन को तीन-तीन करोड़ रुपये का नोटिस भेजा है।

गुलाम हैदर ने सीमा हैदर के भाई होने का दावा करने वाले डॉ. एपी सिंह को 5 करोड़ रुपये का नोटिस भी भेजा। सीमा और सचिन को गुलाम हैदर ने एक महीने की मोहलत दी है। इस दौरान दोनों को गुलाम से माफी मांगनी होगी और जुर्माना भरना होगा। ऐसा न करने पर दोनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

गुलाम हैदर के वकील मोमिन मलिक ने कहा कि बच्चों का धर्मांतरण कराया गया। उन्होंने चारों बच्चों के नाम बदल दिए, ये उनके साथ ज्यादती है। 10 साल से कम उम्र के बच्चे धर्म के बारे में नहीं जानते हैं। दूसरी ओर सीमा ने गुलाम से तलाक नहीं लिया और सचिन से शादी करने का दावा किया है। पहली शादी से बाहर आए बिना दूसरी शादी नहीं हो सकती है। उन्होंने कहा कि जब इन सब मुद्दों को कोर्ट में रखा जाएगा तो सीमा ही नहीं सचिन भी मुश्किल में आएगा।

## ज्ञानवापी मामला : मंदिर ट्रस्ट के सीईओ ने की तहखाने की छत की मरम्मत की मांग

**वाराणसी (आरएनएस)।** श्री काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) विश्व भूषण मिश्रा ने ज्ञानवापी मस्जिद के दक्षिणी तहखाने की छत की मरम्मत के लिए जिला न्यायाधीश की अदालत में एक आवेदन किया है। सोमवार को दिए गए आवेदन में कहा गया कि नमाज पढ़ रही भीड़ के कारण हुए कंपन के कारण छत से एक पत्थर गिर गया।



ज्ञानवापी मामलों के विशेष सरकारी वकील राजेश मिश्रा ने कहा, मंदिर ट्रस्ट के सीईओ ने दक्षिणी तहखाने की छत पर नमाज के लिए पहुंचने वाले नमाजियों की भीड़ को भी रोकने की मांग की है।

उन्होंने बताया कि कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई के लिए 19 मार्च की तारीख तय की है। अपने आवेदन में, मिश्रा ने उल्लेख किया कि जिला न्यायाधीश की अदालत के 31 जनवरी के आदेश के अनुसार, मंदिर ट्रस्ट बोर्ड ने ज्ञानवापी मस्जिद के दक्षिणी तहखाने के अंदर देवताओं की नियमित पूजा के लिए एक पुजारी की व्यवस्था की है।

उन्होंने कहा,पुजारी ने बताया कि तहखाने की दीवारें और छत जर्जर हालत में हैं और छत से पानी भी रिस रहा है। छत की एक बीम में दरार दिख रही है। पिछले कुछ हफ्तों में यहां नमाज़ पढऩे के लिए पहुंचने वाले लोगों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है।

उन्होंने कहा, 15 फरवरी को कई नमाजी दक्षिणी तहखाने की छत पर इक_ा हुए। अधिक भार और कंपन के कारण पत्थर का एक टुकड़ा टूटकर फर्श पर गिर गया। किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए छत की मरम्मत जरूरी है।

## डेटा प्रोटेक्शन एक्ट लागू होने के बाद ही थम सकता है साइबर अपराध : साइबर एक्सपर्ट

**नोएडा (आरएनएस)।** नोएडा साइबर अपराधियों की पहली पसंद और ठिकाना बनता जा रहा है। एक के बाद एक फर्जी कॉल सेंटर का खुलासा हो रहा है। कई देशी और विदेशी नागरिक ठगी करते हुए पकड़े जा रहे हैं। सोमवार को भी पुलिस ने एक चीनी नागरिक को गिरफ्तार किया जो कंबोडिया में फर्जी कॉल सेंटर के जरिए लोगों से 100 करोड़ से ज्यादा की ठगी कर चुका है।



ग्रेटर नोएडा के बिसरख पुलिस ने सूचना के आधार पर ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गौर सिटी मॉल के पास होटल से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। इस गैंग का सरगना चीन का नागरिक बगैर वीजा के नेपाल के रास्ते से भारत आया था। ये लोग कोरियर से कंबोडिया सिम कार्ड भेजते थे। उनके पास से 531 सिम कार्ड और कई विदेशी मुद्राएं बरामद हुई हैं।

यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी सैकड़ो फर्जी कॉल सेंटर और साइबर ठगों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। लेकिन देश में डाटा प्रोटक्शन एक्ट तो आ गया है लेकिन इसे पूरी तरीके से लागू नहीं किया गया है, जिसके कारण अभी भी बड़ी-बड़ी कंपनियां, दुकानें और अन्य जगहों पर आम आदमी का डेटा सेफ नहीं है। साइबर हैकर बड़ी आसानी से डेटा हैक कर और कई कंपनियों से डेटा खरीद कर लोगों से ठगी करते हैं।

पिछले साल ही नोएडा में 2000 करोड़ रुपए का डेटा चीन भेजने का मामला सामने आया था। एसटीएफ ने थाना बीटा टू क्षेत्र में फर्जीवाड़े का पर्दाफाश करते हुए 18 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया था।

इसके अलावा बीते साल जुलाई में ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर से चीन के दो नागरिकों को गिरफ्तार किया गया था। नोएडा की कंपनी से डेटा चीन भेजा जा रहा था।

साइबर एक्सपर्ट पवन दुग्गल ने बताया है कि हमारे देश में डाटा प्रोटक्शन एक्ट आ तो गया है लेकिन पूरी तरीके से लागू नहीं किया गया है, जिसके चलते साइबर अपराध लगातार बढ़ रहे हैं और पड़ोसी देश हम पर लगातार हमला कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि हमारा डेटा बहुत आसानी से बैंकों से, हॉस्पिटल से, रिटेल कंपनियों से, हैकर्स को मिल जाता है और उसके साथ-साथ बहुत कम दामों में डाटा खरीदा भी जाता है।

उन्होंने कहा कि डेटा दो तरीके से मिलता है। एक उस कंपनी के डेटा बेस में जाकर उसे हैक कर और दूसरा बहुत कम दामों में खरीद कर।

उन्होंने बताया कि हमारा पड़ोसी मुल्क चीन यह चाहता है कि भारत की बढ़ती प्रोग्रेस को रोका जाए। इसीलिए यहां से ज्यादा से ज्यादा डेटा चीन में पहुंचकर वहां के साइबर हैकर्स और अपराध करने वाले लोगों को निशाना बनाते रहते हैं। इसीलिए ज्यादा से ज्यादा डेटा चीन अपने पास रखना चाहता है।

इस समय चीन को भारत अपना सबसे बड़ा कंपीटीटर मान रहा है और चीन चाहता है कि यहां की अर्थव्यवस्था को खराब किया जाए इसीलिए चाइनीस एप के जरिए और हमारे डेटा का इस्तेमाल कर चीन, लोगों के बीच में पहुंच कर हमारी अर्थव्यवस्था को खराब करना चाहता है।

पवन दुग्गल के मुताबिक, डेटा कहीं से भी कभी भी लीक हो सकता है। इसलिए भारत सरकार सभी से कहती है कि काफी ज्यादा सावधानी बरतें। हर किसी को अपनी हर जानकारी ना दे। अभी भारत के पास साइबर अपराध को लेकर कोई डेडीकेटेड कानून नहीं है। इसीलिए लोगों को काफी ज्यादा सावधानी बरतनी होगी।

## फ्रांस में महिलाओं को मिला गर्भपात का संवैधानिक अधिकार

### ऐसा करने वाला बना पहला देश

**पेरिस ।** फ्रांस की सरकार ने ऐतिहासिक कदम उठाते हुए देश में गर्भपात को महिलाओं का संवैधानिक अधिकार बनाने को हरी झंडी दे दी है। फ्रांस के सांसदों ने संसद के संयुक्त सत्र के दौरान इस अधिकार से संबंधित विधेयक को मंजूरी दे दी। इस विधेयक पर मतदान के दौरान पक्ष में 780 वोट पड़े, जबकि विरोध में सिर्फ 72 वोट पड़े। फ्रांसीसी संसद के दोनों सदन नेशनल असेंबली और सीनेट पहले ही फ्रांसीसी संविधान के अनुच्छेद 34 में संशोधन के लिए एक विधेयक को मंजूरी दे चुके हैं, ताकि महिलाओं को गर्भपात के अधिकार की गारंटी दी जा सके। फ्रांस गर्भपात को संवैधानिक अधिकार बनाने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। जानकारी के मुताबिक फ्रांस की राजधानी पेरिस के वर्सेल्स पैलेस में सांसदों की एक विशेष सभा के दौरान आयोजित मतदान विधायी प्रक्रिया का अंतिम चरण था। फ्रांसीसी सीनेट और नेशनल असेंबली ने इस साल की शुरुआत में संशोधन को भारी बहुमत से मंजूरी दे दी थी। संशोधन में कहा गया है कि फ्रांस में गर्भपात की गारंटीकृत स्वतंत्रता है। कई सांसदों ने इस कदम की सराहना करते हुए इसे ऐतिहासिक बताया है। फ्रांस की प्रधानमंत्री गेब्रियल अटल ने वोट से पहले कहा कि सांसदों पर उन महिलाओं के प्रति नैतिक ऋण है, जिन्हें अतीत में अवैध गर्भपात सहने के लिए मजबूर किया गया था। हम सभी महिलाओं को एक संदेश भेज रहे हैं कि आपका शरीर आपका है।

## कृषि पर खर्च होंगे 13,784 करोड़, वित्त मंत्री बोले-किसानों को मिलती रहेगी मुफ्त बिजली

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल चीमा विधानसभा में बजट पेश कर रहे हैं। उन्होंने कुल 2.04 लाख करोड़ का बजट पेश किया है। इसमें आने वाले लोकसभा, निकाय व पंचायत चुनाव को ध्यान में रखकर ही सारे ऐलान किए जा सकते हैं। किसी नए टैक्स की उम्मीद नहीं है।



खेतीबाड़ी के लिए 13,784 करोड़ का बजट पास किया है। इसमें गन्ना किसानों को 467 करोड़ की राशि रिजर्व रखी है। वहीं, अगले साल के लए 390 करोड़ की राशि का इंतजाम किया गया है। वहीं वित्त मंत्री ने कहा कि किसानों के लिए मुफ्त बिजली की सुविधा जारी रहेगी। इसके लिए 9.30 करोड़ रुपए का बजट रिजर्व रखा गया है।

वहीं राज्य में शिक्षा के स्तर को उठाने के लिए सरकार इस साल 16 हजार 987 करोड का बजट रखा है। ये पूर्ण बजट का 11.5 फीसदी है। इसमें स्कूल ऑफ एमिनेंस की तरफ खास ध्यान दिया जा रहा है। बजट में उच्च शिक्षा के लिए सरकार ने 80 करोड़ रिजर्व रखे गए है। वजीफा स्कीम के लिए छह करोड़, सैनिटरी नैपकिन के लिए पांच करोड़ रखे गए है। तकनीकी शिक्षा के लिए 525 करोड़ रुपए का प्रस्ताव रखा गया है।

### सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

**निवाड़ी (आरएनएस)।** निवाड़ी में सडक़ हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। एक महिला गंभीर घायल है। उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया है। बताया जा रहा है कि चारों एक ही बाइक से शादी में शामिल होने जा रहे थे। बनगांय हाईवे पर अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मारी, फिर कुचलते हुए निकल गया। हादसे में शवों के चिथड़े उड़ गए। जानकारी के अनुसार बाइक पर रामेश्वर यादव (45), पत्नी रामकुमारी, बेटा कृष्णा यादव (13) और भतीजा मंगल यादव देर रात एक ही बाइक से जा रहे थे। हादसे में रामेश्वर, कृष्णा और मंगल यादव की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा सोमवार रात करीब डेढ़ बजे हुआ।

## आज से मोदीनगर तक दौड़ेगी नमो भारत, 34 किमी का होगा सफर

**गाजियाबाद (आरएनएस)।** आरआरटीएस कॉरिडोर के दूसरे फेज में दुहाई से मोदीनगर नॉर्थ तक नमो भारत ट्रेन का संचालन छह से शुरू हो जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोलकाता में आयोजित कार्यक्रम में इसका वर्चुअल उद्घाटन कर जनता को समर्पित करेंगे।



एनसीआरटीसी ने इस उद्घाटन कार्यक्रम की तैयारी शुरू कर दी है। इसके बाद नमो भारत ट्रेन साहिबाबाद से मोदीनगर तक 34 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर पर दौडऩी शुरू हो जाएंगी। फिलहाल यह ट्रेनें साहिबाबाद से दुहाई डिपो तक सिर्फ 17 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर पर संचालित हो रही हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 20 अक्तूबर 2023 को साहिबाबाद से देश की इस पहली नमो भारत ट्रेन के प्राथमिकता खंड पर संचालन का शुभारंभ किया था। दूसरे चरण में इसका संचालन दुहाई से मेरठ साउथ स्टेशन तक 25 किलोमीटर लंबे खंड पर किया जाना था। मेरठ साउथ स्टेशन अभी तक संचालन के लिए तैयार नहीं हो पाया है। इसकी वजह से फिलहाल इसे मोदीनगर नार्थ स्टेशन तक चलाया जा रहा है।

एनसीआरटीसी के अधिकारियों का कहना है कि उद्घाटन के बाद मुरादनगर से नमो भारत ट्रेन मोदीनगर तक निर्धारित गति पर सफर करेगी। हालांकि यात्रियों को इस ट्रेन से मोदीनगर तक सफर करने के लिए एक-दो दिन और इंतजार करना पड़ सकता है। एनसीआरटीसी के अधिकारी इस कॉरिडोर को यात्रियों के लिए खोलने की तारीख तय करने पर मंथन कर रहे हैं।